http://www.a2zsubjects.com

Roll No. ....

B–2074(A)

B. A. (Part I) EXAMINATION, 2018

HINDI LITERATURE

Paper Second

(हिन्दी कथा साहित्य)

Time : Three Hours] [*Maximum Marks : 75*

नोट : सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. निम्नलिखित गद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 24

(क) वह धन, जो भोजन में खर्च होना चाहिए, बाल बच्चों का पेट काट कर गहनों को भेंट किया जाता है। बच्चों को दूध न मिले सही, मेवों और फलों के दर्शन न हों, कोई परवाह नहीं पर देवीजी गहने जरूर पहनेंगी और स्वामीजी गहने जरूर बनवायेंगे। इस कुप्रथा से हमारा सर्वनाश होता जा रहा है। मैं तो कहता हूँ, यह गुलामी पराधीनता से बढ़कर है। इसके कारण हमारा कितना आत्मिक, नैतिक, दैहिक, पार्थिव और धार्मिक पतन हो रहा है, इसका अनुमान ब्रह्मा भी नहीं कर सकते।

अथवा

यह लीजिए कि जिस देश में स्त्रियों को जितनी अधिक स्वाधीनता है, वह देश उतना ही सभ्य है। स्त्रियों को कैद में, परदे में या पुरुषों से कोसों दूर रखने का तात्पर्य यही निकलता है कि आपके

http://www.a2zsubjects.com

http://www.a2zsubjects.com

http://www.a2zsubjects.com

यहाँ जनता इतनी आचारभ्रष्ट है कि स्त्रियों का अपमान करने में जरा भी संकोच नहीं करती।

(ख) मैं ईश्वर को नहीं मानता, मैं पाप को नहीं मानता, मैं दया को नहीं समझ सकता, मैं उस लोक में विश्वास नहीं करता। पर मुझे अपने हृदय में एक दुर्बल अंश पर श्रद्धा हो चली है। तुम न जाने कैसे एक बहकी हुई तारिका के समान मेरे शून्य में उदित हो गई हो। आलोक की एक कोमल रेखा इस निविड़ तम में मुस्कराने लगी।

अथवा

हाँ बेटा, बैकुण्ठ में जायेगी। किसी को सताया नहीं किसी को दबाया नहीं। मरते-मरते हमारी जिंदगी की सबसे बडी लालसा पूरी कर गई।. वह न बैकुण्ठ में जाएगी तो क्या ये मोटे-मोटे लोग जायेंगे जो गरीबों को दोनों हाथों से लूटते हैं और अपने पाप को धोने के लिए गंगा में नहाते हैं और मंदिरों में जल चढ़ाते हैं।

(ग) भादों में हालात और भी परेशानी की हो गई। बच्चों की माँ की तबियत रोज-रोज गिरती जा रही थी। खाया-पिया उसके पेट में न ठहरता। पथ्य के लिए उसको गेहूँ की रोटी देना जरूरी हो गया। गेहूँ मुश्किल से रुपये का सिर्फ ढाई सेर मिलता। बीमार का जी ठहरा, कभी प्याज के टुकडे या धनिए की खुशबू के लिए भी मचल जाता।

अथवा

आस-पास के घरों की खिड़कियाँ तब बंद हो गयी थीं। जो लोग इस दृश्य के साक्षी थे उन्होंने दरवाजे बंद करके अपने को इस घटना के उत्तरदायित्व से मुक्त कर लिया था। बंद किवाड़ों में भी उन्हें देर तक जुबैदा, किश्वर और सुल्ताना के चीखने की आवाजें सुनायी देती रहीं।

http://www.a2zsubjects.com

http://www.a2zsubjects.com

http://www.a2zsubjects.com

2. 'गबन' एक दर्पण है, जिसमें मध्य वित्त वर्ग अपनी सजीव प्रतिकृति देख सकता है।" इसकी युक्ति-युक्त विवेचना कीजिए। 12

अथवा

'गबन' गहनों की ट्रेजेडी का उपन्यास है।" इस कथन की सोदाहरण विवेचना कीजिए।

3. 'कफन' कहानी का तात्विक विवेचन कीजिए। 12

अथवा

निम्नलिखित में से किसी **एक** कहानी का सारांश लिखिए :

(i) ठेस

(ii) चीफ़ की दावत

(iii) बिरादरी बाहर

4. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के लघु उत्तर दीजिए : प्रत्येक 4

(i) अच्छी कहानी के **सात** सूत्र।

(ii) कथा **या** कहानी किसे कहते हैं ? किन्हीं **चार** विद्वानों की परिभाषा दीजिए।

(iii) प्राचीन कहानी और आधुनिक कहानी में अन्तर।

(iv) बालशौरि रेड्डी की रचनाओं का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

(v) शिवानी के साहित्य की विशेषताएँ लिखिए।

(vi) उपेन्द्रनाथ 'अश्क' का जीवन परिचय दीजिए।

5. निम्नलिखित में से किन्हीं **पन्द्रह** वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए : प्रत्येक 1

(i) 'शबरी' उपन्यास के लेखक कौन हैं ?

(ii) 'छींटे' कथा संकलन के लेखक का नाम लिखिए।

(iii) शिवानी लेखन की श्रेष्ठता किसे मानती है ?

(iv) जालपा शतरंज का नक्श किस समाचार-पत्र में छपवाती है ?

(v) 'गबन' उपन्यास में 'गबन' कौन करता है ?

http://www.a2zsubjects.com

http://www.a2zsubjects.com

http://www.a2zsubjects.com

http://www.a2zsubjects.com

(vi) हिन्दी की प्रथम मौलिक कहानी का नाम लिखिए।

(vii) 'एक टोकरी भर मिट्टी' कहानी के लेखक कौन हैं ?

(viii) 'उसने कहा था' कहानी का प्रकाशन वर्ष कब है ?

(ix) जयशंकर प्रसाद की प्रथम कहानी का नाम क्या है ?

(x) 'शैलेश मटियानी' अकहानी अथवा नयी कहानी के रचनाकार हैं।

(xi) 'सारिका' के सम्पादक कौन थे ?

(xii) चौधरी पीर बख्श कहाँ काम करते थे ?

(xiii) 'चिक' का सम्बन्ध किस कहानी से है ?

(xiv) भारत-पाकिस्तान विभाजन पर आधारित कहानी का नाम क्या है ?

(xv) 'कफन' कहानी में जमींदार ने घीसू को कितने रुपये दिए ?

(xvi) 'चिराग दीन' किस कहानी का पात्र है ?

(xvii) 'सरस्वती' पत्रिका का प्रकाशन वर्ष क्या है ?

(xviii) जालपा की सहेली का क्या नाम था ?

(xix) 'हिन्दी कथा साहित्य' में कुल कितनी कहानियाँ संकलित हैं ?

(xx) 'गबन' किस प्रकार का उपन्यास है ?

http://www.a2zsubjects.com

http://www.a2zsubjects.com